तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,
पूसा, समस्तीपुर 848 125 बिहार

सूचना सं0435../ति0कृ0महा0, ढोली दिनांक– 02/09/2021

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ति0कृ0महा0, ढ़ोली के AICRP on Maize के भंडार में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की बिकी खुली डाक/नीलामी(Open Auction) के आधार पर दिनांक 24.09.2021 को पूर्वा0 11:30 बजे से किये जाने का निर्णय हुआ है।

इस डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति खुली डाक में भाग लेने हेतु दिनाकं 20.09.2021 से 23.09.2021 तक सामानों को महाविद्यालय परिसर के कार्य दिवस में आकर पूर्वाहन् 10 बजे से अपराहन् 4:30 बजे के बीच देख सकते हैं तथा दिनांक 24.09.2021 को नीलामी में बोली लगाने हेतु स्वयं उपस्थित हो सकते हैं।

इस डाक में बोली लगाने हेतु वैसे व्यक्ति ही शामिल होंगे जो दिनांक 23.09.2021 को कार्यालय अवधि पूर्वा0 10 बजे से अपराह्न 5 बजे के बीच तथा दि0 24.09.2021 को पूर्वा0 11.00 बजे तक जमानत राशि के रूप में रू0 2,000.00 (दो हजार रूपये)मात्र श्री अरूण कुमार, भंडारपाल, केन्द्रीय भंडार, ति0कृ0महा0, ढ़ोली के पास नकद जमा करेंगे।

अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को नीलामी की स्वीकृति के उपरांत तत्क्षण कुल नीलामी राशि का 25 (पच्चीस) प्रतिशत जमानत राशि के अलावा एवं तीन दिनो के अंदर शेष 75 (पचहत्तर) प्रतिशत राशि रोकड़पाल ति0कृ0महा0, ढ़ोली को जमा करने के उपरांत सामान उठा लेना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी रद्द कर दिया जायेगा।

वैसे व्यक्ति जो नीलामी में अधिकतम बोली नहीं लगा सकेंगे उनकी जमानत राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद उन्हें नकद वापस कर दी जाएगी।

डाक में न्युनतम से कम बोली लगाये जाने की स्थिति में नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि डाक बोलने वाले व्यक्ति से मोल–भाव द्वारा प्राक्कलित राशि तय कर बिकी सुनिश्चित कर सकें ।

बिना कारण बताये नीलामी रद्द या स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित होगा।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
02.09.21

कृ0पृ0उ0

N-1190

ज्ञापांक 435 / ति0कृ0महा0, ढोली दिनांक– 02 / 09 / 2021

प्रतिलिपि:– सभी अधिष्ठाता / सभी निदेशक, डा0रा0के0कृ0वि0, पूसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त नीलामी सूचना सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु सूचनापट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाए।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
02.09.2021

ज्ञापांक 435 / ति0कृ0महा0, ढोली दिनांक– 02 / 09 / 2021

प्रतिलिपि:– प्रभारी पदाधिकारी, ऐरीस सेल (मुख्यालय), डा0रा0के0कृ0वि0, पूसा को उक्त नीलामी सूचना विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
02.09.2021